# प्रभारी सचिव ने किया शहर के जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण



आयुक्त परिवहन विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने देर शाम को शहर में जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण किया।

**भरतपुर ( निस )।** आयुक्त परिवहन विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने देर शाम को शहर में जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण कर जल निकासी के लिये किये जा रहे प्रयासों का मौका-मुआयना किया।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले में विभिन्न स्थानों पर लगातार जारी वर्षा के कारण उत्पन्न हुए हालात की कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेकर प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रशासन हालात पर सतत निगरानी बनाये रखें।

आवश्यकता पडने पर अतिरिक्त संसाधन लगाकर पानी निकासी करें तथा राहत एवं बचाव कार्य को त्वरित गति से करते हुये आमजन को राहत प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि जलभराव वाले स्थानों की लगातार निगरानी बनाये रखने एवं जलभराव की समस्या से घिरे लोगों को तत्काल निजात दिलाने के लिये आवश्यक कदम उठाये। उन्होंने कहा कि हालात के मध्येनजर सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और बाढ राहत बचाव से संबंधित सभी एजेंसियां चौबीस घंटे अलर्ट मोड पर रहें। उन्होंने आमजन की सुरक्षा हेतु ओवरफ्लो रपट, पुल, मार्गों को पार न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी व कार्मिक सतर्क रहकर आमजन से सम्पर्क बनाये रखें।

जिला प्रभारी सचिव ने शहर में सुजान गंगा, केतन गेट, मंशा देवी मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, आदर्श कॉलोनी, चांदपोल गेट, रैडक्रॉस सर्किल, सीएफसीडी के पानी निकासी क्षेत्रों एवं नगर निगम यूआईटी द्वारा किये जा रहे प्रबन्धों का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने पानी की आवक बढने पर वैकल्पिक इंतजाम करने के निर्देश दिये।


## गजानन सेवक ट्रस्ट ने किया दीपदान

**भरतपुर ( निस )।** गजानन सेवक ट्रस्ट की ओर से राधाष्टमी के पावन पर्व पर मंदिर प्रांगण में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता अशोक ताम्बी ने बताया कि ट्रस्ट की महिलाओं ने सबसे पहले राधा रानी की आरती कर उनकी महिमा का गुणगान करते हुए राधा नाम संकीर्तन किया और भजनों पर खूब थिरकी। इसके पश्चात महिलाओं की ओर से दीपदान कर देश और समाज में खुशी और अमन चौन की कामना की गई। इस मौके पर ट्रस्ट की महिला संरक्षक गीता खंडेलवाल, राजकुमारी गुप्ता, मीता, नेहा, प्रियांशी, ऋचा, परी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## बारिश से गिरी मकान की दीवार

**कामां ( निस )।** कामां क्षेत्र में लगातार दो तीन दिन से रिमझिम रिमझिम बरसात हो रही है जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र जलमग्न हो गया व खेत खलिहानो में दूर दूर तक पानी ही नहीं नजर आ रहा है। गुरुवार देर रात कामां कस्बे के गांव गांवडी में बारिश की दौरान रात्रि में एक मकान की दीवार गिर गई जिसमें एक परिवार के लोग सो रहे थे। याकूब ने बताया कि गांवडी में हाकम पुत्र जुहुरू ने दो-तीन साल पहले ही मकान बनाया था , रात में मकान की दीवार अचानक से भर भरा कर गिर गई ।

## रसिक संत हरिदास का महामहाअभिषेक किया



**हलैना वृंदावन (निस)।** हरिदासीय राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट के की ओर से हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाददेव महाराज के सानिध्य में मनाया जा रहा संत हरिदास महाराज का जन्म दिवस पर मनाई जा रहे उत्सव के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन जारी है। जिस कार्यक्रम के तहत रसिक संत हरिदास महाराज का महा अभिषेक किया गया और 56 प्रकार के पकवान सजाए गए।

भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई और आरती का आयोजन किया गया। जिनके दर्शन करने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और सभी पंचामृत की प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के संयोजक एवं ललित कुंज आश्रम के महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया ठाकुर बांके बिहारी को प्रकट करने वाले रसिक हरिदास का रसिक संत उत्सव मनाया जा रहा है। जिस कार्यक्रम में राजस्थान और उत्तर प्रदेश दिल्ली हरियाणा पंजाब महाराष्ट्र नेपाल होटल आदि स्थानों के भारी संख्या में संत और भक्त लोग शामिल हो रहे हैं। श्रीमद भगवत मंदिर संस्थापक आचार्य बद्रीश महाराज, महंत कुंज बिहारी दास, महंत अचलदास, अनुराग शास्त्री, मनोज राजपूत, हरेंद्र सिंह, संजू खड्ोली, विष्णु मित्तल महाराज, पीयूष, वैष्णो दास, सुमित अग्रवाल, डॉ .डी.डी. गर्ग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि सन 1730 में मारवाड साम्राज्य के महाराणा अभय सिंह द्वारा खेजडी के पेडो को काटने की घोषणा की गई। विष्नोई समुदाय के लोग खेजडी की पूजा करते है, इसलिए उन्होने वृक्ष काटने का विरोध किया तथा वृक्षो की रक्षा के लिए अमृता देवी के नेतृत्व मे 363 लोग शहीद हो गये। इस खेजडली नरसंहार के रूप में जाना जाता है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि वन हमारे जीवन तंत्र का प्रमुख हिस्सा हैं, किन्तु विकास के नाम पर वनों की कटाई निरन्तर जारी है। संरक्षित वन क्षेत्रो मे वृक्षो की कटाई पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगना चाहिए तथा व्रृक्षों का रखरखाव करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। डॉ. विनोद भटेष्वर ने कहा कि पेड लगाना पूण्यकार्य है तथा पेड काटना पाप है, अतः पेड काटने से बचें। इस अवसर पर डॉ. शंकर लाल यादव, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र अनुराग सैनी व छात्रा पूजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अवतरण दिवस मनाया

**भरतपुर ( निस )।** राजेश पायलट गुर्जर छात्रावास राजेन्द्र नगर भरतपुर पर स्व कर्नल किरोडी सिंह का अवतरण दिवस बडी धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये गये। प्रमुख वक्ता शिव सिंह दायमा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और छात्रावास के छात्रों को बताया कि शिक्षा का महत्व बहुत विशाल होता है जिसके बल पर गुर्जर आरक्षण को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी और समाज के नौजवानों को नौकरियों में आरक्षण दिलवाया। सभी छात्र इनके पदचिंहों पर चलें। अध्यक्ष भरत सिंह खटाना ने समस्त छात्रों को अनुशासन व संस्कारवान बनने का आव्हान किया जिससे समाज शिक्षित हो और भविष्य में उन्नित करे। कर्नल का नारा था अच्छी शिक्षा-पढी लिखी मॉ-अच्छा स्वास्थ्य-कर्जमुक्त समाज। इस अवसर पर दसरथ नागर, बंटू नागर, गौतम कसाना, गोपाल मावई, दीपक बैंसला, मनजीत बैसला, देवेन्द्र कसाना, विष्णु कसाना, बलराम बैसला, लवकुश कसाना, सूरज बैसला, सचिन मावई, विष्णु बैसला, गुलाब नागर इत्यादि मौजूद थे।

### फसल बर्बाद को लेकर दिया ज्ञापन

**भरतपुर ( निस )।** सीताराम येचुरी ने, जिनकी आज मृत्यु हुई, दशकों पहले उदयपुर में राजस्थान के वरिष्ठतम वामपंथी नेता पंडित रामकिशन के साथ आंदोलन में भाग लिया। पूर्व सांसद रामकिशन, 98, ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा येचुरी ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के साथ उदयपुर में गिरफ्तारी भी दी। पंडित रामकिशन ने कहा वो बहुत सौम्य, प्रभावशाली और विचारशील व्यक्तित्व थे। वामपंथी परिवार और भारतीय राजनीति को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। पंडित रामकिशन ने कहा वो कुछ साल पहले एक ही मंच पर साथ थे जब मुझे समाजवादी आंदोलन के शताब्दी पुरुष का सम्मान दिल्ली में दिया गया। शताब्दी पुरुष ने कहा एक बार हमने चर्चा की कि अब नए हालात मै खासतौर से कृत्रिम बुद्धि और मशीनीकरण के माहौल में, वाम एजेंडा पर पुनर्विचार की ज़रूरत है। रामकिशन ने कहा येचुरी से कभी कभी दिल्ली में दिवंगत समाजवादी नेता सुरेंद्र मोहन के घर के आस पास मुलाकातें हो जाती थीं।

### पूजा अर्चना को समापन हुआ

**भरतपुर ( निस )।** खिरनी घाट स्थित मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर चल रही माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना का गुरूवार को समापन हुआ। मंत्री विष्णु लोहिया ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष नौमी सन्तान लक्ष्मी व्रत के अंतर्गत तीन दिन तक महालक्ष्मी पूजा होती है। यह व्रत गृहस्थों के लिए बडा लाध्भदायक है। व्रत का प्रभाव घर परिवार में रहने वाले सभी बच्चों के लिए हितकारी है परिवार में स्वस्थ्य रहें। शिक्षा में उन्नित हो, भविष्य उज्जवल हो, इस भावना से माता लक्ष्मी की पूजा वृत हवन आरती भोग मंदिर प्रांगण स्थित श्रीलक्ष्मी माता के श्रीविग्रह के सानिध्य में किया गया। प्रथम दिन खीर का भोग, द्वितीय दिन हलुआ का भोग और तीसरे दिन आज खिचडी का भोग लगाकर सभी भक्तों एवं बच्चों में वितरित किया गया। इस मौके पर शुभम मित्तल, सलोनी, मधुर भारद्वाज, मालती, रूचि सोनी, गीता अग्रवाल, उर्मिला बंसल, गीता गुप्ता, ममता गोयल, भावना गर्ग, संगीता सिंघल, शशि गुप्ता, बीना बंसल, श्वेता गुप्ता, ब्रज बिहारी गुप्ता आदि बडी संख्या में महिलाएँ मौजूद रहीं।

## भारी बारिश के चलते बंध बारैठा बांध ओवरफ्लो

**बयाना/भरतपुर, ( निसं )।** उपखंड व भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारैठा बांध के एक बार फिर से ओवरफ्लो होने पर गुरुवार को इस बांध के छह गेटों में से पांच गेटों को खोलकर दस हजार क्यूसेक प्रति सेकंड की स्पीड से पानी की निकासी की जा रही है।

> ■ बांध से करीब 700 एमसीएफटी पानी की निकासी की जा चुकी है जबकि बांध की कुल भराव क्षमता 1860 एमसीएफटी है

भरतपुर रियासत की ओर से करीब 132 वर्ष पूर्व 1892 में बनाया गया यह बांध बयाना के डांग क्षेत्र के बीहड़ों के बीच स्थित है। इस बांध के एक बार फिर से उफान मारने पर गुरुवार को इस बांध के चार गेटों को 9-9 फीट खोलकर और एक गेट को 4 फीट खोलकर बांध में से ओवरफ्लो पानी की निकासी की जा रही है।

यह पानी बांध से जुड़ी कुकंद नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे इस नदी के किनारे बसे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं और खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूब गई है।

जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता बने सिंह ने बताया कि आज सुबह से शाम तक बांध से करीब 700 एमसीएफटी पानी की निकासी की जा चुकी है जबकि बांध की कुल भराव क्षमता 1860 एमसीएफटी है, जो अभी स्थिर बनी हुई है। बीते 10 दिनों में इस बांध के तीसरी बार गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। ऐसा मौका बीते 4 दशक में पहली बार बताया गया है।

# सभी विभागों एवं एसडीआरएफ टीम को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए

**भरतपुर ( निस )।** जिले में लगातार वर्षा के हालात को देखते हुए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित यादव ने सभी विभागों एवं एसडीआरएफ टीम को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों को आवश्यक संसाधनों के साथ आवश्यकता पडने पर बचाव एवं राहत कार्यों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बताया कि लगातार वर्षा को देखते हुए जिले में प्रवाहित हो रही नदियों के तटीय क्षेत्रों में बसे गांवों एवं जलाशयों के नजदीक रहने वाले नागरिकों को सावचेत रहने के के लिए स्थानीय पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि नदियों में पानी के तेज बहाव को देखते हुए नदी के बहाव क्षेत्र एवं जलाशयों के आसपास आमजन को नहीं जाने के लिए पाबंद किया गया है।

उन्होंने आमजन को जल बहाव क्षेत्र में पानी की आवक को देखते हुए संसाधनों को हटाने, महिलाओं, बच्चों को इस दौरान नदियों व जलाशयों के आसपास नहीं जाने देने के लिए आह्वान किया है। उन्होंने लगातार बरसात एवं गम्भीर नदी में पांचना बांध से पानी छोडे जाने, अजान बांध एवं चिकसाना बांध, बंध बारैठा से पानी की लगातार निकासी को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम, जल संसाधन विभाग, पंचायतीराज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं जिले के सभी उपखण्ड प्रशासन को मय आवश्यक संसाधनों के अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।अधिशाषी अभियंता जल संसाधन बनैसिंह ने बताया कि गम्भीर नदी में पानी की अधिक आवक, चिकसाना, अजान एवं बंध बारैठा से पानी की निकासी तथा लगातार वर्षा होने के कारण बसेडी से बयाना, खेडिया मोड से सेवला एवं चिकसाना से हेतमपुर के रास्ते अवरूद्ध हो गये हैं जिन पर आमजन को जाने से बचने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि लगातार वर्षा के कारण रूदावल के आसपास, नदीगांव, सालाबाद, लहचौरा एवं चौखेडा की रपट पर तेज बहाव से पानी आने से मार्ग अवरूद्ध हो गये हैं, पानी के बहाव के समय वहां से आमजन को पैदल अथवा वाहन नहीं निकालने की अपील की गई है।

जिला कलेक्टर ने लगातार वर्षा को देखते हुए आमजन से अपील की है कि सुजानगंगा व जिले की अन्य नदियों, जलाशयों, झरनों, बांधों एवं जलस्त्रोतों में स्नान करने नहीं जाएं। उन्होंने कहा कि भ्रमण पर जाते समय जल स्त्रोतों के आसपास नहीं जाएं, पानी के बहाव क्षेत्र से दूर रहे।

उन्होंने जिले में रेलवे अंडरपास एवं अन्य सड़कों पर पानी भराव की स्थिति में वहां जल स्तर को देखकर खतरे के निशान पर नहीं हाने पर ही वाहन निकालने का आ ान किया है। उन्होंने सभी विभागों को पुराने व क्षितग्रस्त कार्यालयों, आवासीय परिसरों को चिन्हित कर सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए है। जिससे वर्षा जनित घटनाओं को रोका जा सके।

## बिना हेलमेट वालों को गुलाब का फूल देकर की समझाइस

**करौली( नि.स. )।** जिला पुलिस की ओर से चलाए गए हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ विशेष अभियान के तहत करौली पुलिस अधिकारियों ने शहर के कई प्रमुख स्थानों पर मोटरसाइकिल चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें हेलमेट लगाने के लिए समझाइस की।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रदेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि देखने में आया है कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मतको एवं घायल व्यक्तियों की संख्या में दिन प्रतिदिन वृद्धि हो रही है जिससे अनावश्यक रूप से लोगों की जान जा रही है जिसे राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा बहुत ही गंभीरता से लिया जा रहा है दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि ज्यादातर दुपहिया वाहन चालकों के चालक बिना हेलमेट के परिवहन करते हुए दुर्घटना का शिकार होते हैं

परिवहन करते समय सही मानक के हेलमेट का उपयोग करते तो जान बच सकती थी सड़क दुर्घटनाओं में एवं मृतक एवं घायलों की संख्या में कमी लाने हेतु विशेष सघन अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान का नाम हेलमेट लगाओ जान बचाओ है इसमें विशेष कर बिना हेलमेट बालों के खिलाफ कार्यवाही कि जानी है उन्होंने बताया कि यह अभियान दो चरणों में होगा प्रथम चरण में समझाइस की जाएगी एवं हिदायत देते हुए हेलमेट लगाने की कार्यवाही की जाएगी एवं द्वितीय चरण में प्रवर्तन कि कार्यवाही कि जाएगी अभियान गुरुवार 12 सितंबर से 18 सितंबर तक चलाया जाकर अधिक से अधिक कार्यवाही कि जाएगी उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक थाने से प्रतिदिन नाकाबंदी,चेकिंग स्थान एवं प्रभारी अधिकारी, उप निरीक्षक, सब उप निरीक्षक, हैड कांस्टेबल का चयन किया जावेगा प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहकर प्रातः 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक समझाइस एवं चालान की कार्यवाही करेंगे नाकाबंदी के दौरान चेकिंग पॉइंट्स प्रभारी को पर्याप्त जाप्ता उपलब्ध करा उक्त अवधि में थाने से जो भी पुलिस अधिकारी लगाया जावे उसे बिना अनुमति के अन्य कोई ड्यूटी नहीं दी जाए। बताया कि प्रथम चरण में 12 सितंबर से 14 सितंबर तक बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों से पुलिस द्वारा समझाइस कि कार्यवाही कि जाएगी एवं द्वितीय चरण में 15 सितंबर से 19 सितंबर तक प्रवर्तन चालान कि कार्यवाही कि जाएगी हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत गुरुवार को करौली शहर के गुलाब बाग तिराहा, कलेक्ट्रेट सर्किल, अंबेडकर सर्किल, तीन बड, मासलपुर चुंगी नाका सहित कई स्थानो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, करौली यातायात प्रभारी महावीर सिंह,कोतवाली थानाअधिकारी सुनील कुमार सहित कोतवाली थाने के एएसआई ओमप्रकाश एवं यातायात पुलिस के जवानो ने वाहन चालको को गुलाब का फूल देकर वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर वाहन चलाने कि समझाइस की।

## अभियान के तहत सम्पर्क किया

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर एवं जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज द्वारा सदस्यता अभियान के तहत स्वर्ग जयन्ती नगर, काली की बगीची, जवाहर नगर भरतपुर इलाके में घर घर जाकर सम्पर्क किया गया तथा वहां समूह में महिलाओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी गयी।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका गुर्जर ने कहां कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जो हमेशा समाजिक सहिष्नुता एवं समाज के प्रति सकारात्मक रूख रखता है तथा भाजपा का कार्यकर्ता हमेषा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुये राष्ट्र प्रथम की विचाराधार को आगे बढता है।

## भरतपुर शहर की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न, लोगों के घरों में घुसने लगा पानी

**भरतपुर, ( निसं )।** कई वर्षों के बाद भरतपुर के लोगों पर मानसून जमकर मेहरबान हुआ है, लेकिन पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश ने लोगों को परेशान करके रख दिया है। अब लोग भगवान से प्रार्थना करने लगे हैं कि जल्द से जल्द बारिश का दौर खत्म हो और उन्हें राहत मिले। शहर की ऐतिहासिक सुजानगंगा नहर अपनी सीमाओं से बाहर आकर मंसा मंदिर व गांधी पार्क तक पहुंची। अबके बरस हो रही बारिश को देख लोगों का कहना है कि इतनी बारिश कई दशकों के बाद देखने को मिल रही है।

> ■ शहर की ऐतिहासिक सुजानगंगा नहर अपनी सीमाओं से बाहर आकर मंसा मंदिर व गांधी पार्क तक पहुंची

भारी बारिश के चलते जिला कलेक्टर के द्वारा 12 व 14 सितम्बर तक कक्षा एक से कक्षा 12 के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। शहर की दर्जनों कॉलोनियां जो पहले से ही जलमग्न थी अब उन कॉलोनियों में पानी लोगों के घरों में भी घुसने लगा है। शहर की एतिहासिक सुजानगंगा नहर ने तो अब तक के अपने सारे रिकार्ड तोड दिए हैं। किले की चारदीवारी में बहने वाली सुजानगंगा नहर अब चारदीवारी से बाहर आकर मंसा देवी मंदिर, गांधी पार्क तक पहुंच गई है।

सुबह सवेरे मंदिर में देवी मां के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पानी में उतरकर पूजा-अर्चना करनी पड़ी। सुजानगंगा नहर के आसपास की कॉलोनियों के लोग अब दहशत में आ गए हैं। आगे भी दो तीन दिन इसी प्रकार बारिश पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

बारिश के चलते आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसे में लोगों की परेशानी को कम करने के लिए जिला कलेक्टर खुद जगह जगह जाकर हालातों का निरीक्षण कर रहे हैं। कई जगहों पर जेसीबी की मदद से पानी की निकासी की रूकावट को दूर किया गया है। शहर में कई जगहों पर पानी इकठ्ठा हो गया है।

लोगों को पानी में से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। जलभराव के क्षेत्रों में अतिरिक्त पम्प लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है। भरतपुर के लगभग सभी बांध पानी से लबालब हो गए हैं। जिनसे लगातार गेट खोलकर कर पानी की निकासी कराई जा रही है।

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
सं.ईएल/50/एनआईटी/12(2024-25)
दिनांकः 09.09.2024
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विघुत अभियंता(सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** ईएल/50/218/2024-25, **कार्य का नामः** स्टेशनों पर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए एचएएन, जीजीसी, सीएमयू, आईडीजी, केईवी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विकास/उन्नयन, एचएएन और बीएक्सएन स्टेशनों पर एफओबी का प्रतिस्थापन, क्षतिग्रस्त फर्श, दरवाजे और खिड़की आदि का प्रतिस्थापन और आरपीएफ बैरक में सुधार जीजीसी स्टेशन पर।, **अनुमानित लागत(रू.में):** 1,06,14,632.00, **बयाना राशि(रू.में):** 2,03,100.00, **कार्य समाप्ति अवधिः** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 01.10.2024 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, **निविदा संख्याः** ईएल/50/219/2024- 25, **कार्य का नामः** नागदा-मथुरा खंड- सीटीआर (एस), टीएसआर (पी), टीआरआर (पी), एफ्लुएंट ट्रीटमेंट (ईटीपी) प्रणाली लॉन्ड्री कोटा और आरटीबी शेड कोटा और भरतपुर और 20000 से अधिक टीयूवी वाले गैर - इंटरलॉक एलसी गेट की इंटरलॉकिंग (एलसी गेट नंबर 3 और 81) के लिए सम्बंधित विद्युत कार्य।, **अनुमानित लागत (रू.में) :** 28,26,775.04, **बयाना राशि (रू.में):** 56,500/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 06 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 01.10.2024 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### आपदा प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार पर लगाये आरोप

**करौली( नि.स. )।** करौली-धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव करौली दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में जिले में आपदा प्रबंधन को लेकर सरकार पर जमकर आरोप जडे है। क्षेत्रिय सांसद भजन लाल जाटव ने कहा कि जिले में विगत एक माह से बारिश का दौर जारी है। करौली-हिंडौन सहित जिले में अन्य स्थानों पर जल भराव से लोगो का भारी नुकसान हुआ है। करौली जिले में जगह-जगह सडके क्षितग्रस्त हो गई हैं। भारी बारिश के कारण किसानों कि फसल भी चैपट हो गई है। इसके बावजूद सरकार और सरकार के नुमाइन्दे सोए हुऐ है। उन्होने कहा कि सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि पीडितों का हाल जानने तक जिले में नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि पीडितो को तत्काल सहायता दी जाए। फसल नुकसान कि गिरदावरी करने के साथ ही बीमा का सर्वे भी शीघ्र कराया जाए जिससे किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने सरकार से विशेष पैकेज देने की मांग उठाई है। जिससे क्षितग्रस्त सडकों कि मरम्मत के साथ ही अन्य नुकसान की भरपाई की जा सके। इस दौरान टोडाभीम विधायक घनश्याम महर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा ने भी सरकार पर बारिश से आई आपदा के प्रबंधन में विफल रहने के आरोप लगाए पत्रकार वार्ता में पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज,ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# भरतपुर टीम का राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में आयोजित की जा रही राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में भरतपुर की टीम ने सीकर की टीम को 9 विकेट से हराते हुए ऐतिहासिक जीत हासिल की एवं राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया की प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच दो दिवसीय सीकर से जयपुर के एस.आर सैनी क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में भरतपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया मैच मे सीकर की टीम पहली पारी मात्र 106 रन पर ऑल आउट हो गई भरतपुर की तरफ से पहली पारी में राज वाल्मीकि ने 11 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट व आशीष प्रजापत ने 15 ओवर मे 29 रन देकर 3 विकेट लिए इसके अलावा कुश सोलंकी और तनिष्क खंडेलवाल एक-एक विकेट लिए भरतपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 178 रन बनाते हुए 72 रन की बढ़त बना ली थी भरतपुर की तरफ़ से इस तरफ़ ध्रुव ने 62 रन व आशीष प्रजापत ने 28 रन बनाए बाद में भरतपुर ने सीकर की दूसरी पारी मात्र 82 रन पर ऑल आउट कर दिया इसमें आशीष प्रजापति की घातक गेंदबाज़ी के तूफान के सामने सीकर की टीम ढेर हो गई



अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में विजेता भरतपुर टीम।

आशीष ने 15 ओवर में 28 रन देकर 5 विकेट लिए तथा कुश सोलंकी ने भी 3 विकेट लिए तथा राज वाल्मीकि व तनिष्क खंडेलवाल ने एक-एक विकेट लिया बाद में सीकर की टीम ने भरतपुर टीम की 72 रनों की बढ़त को उतार हुए मात्र 10 रनों का जीत के लिए टारगेट दिया बाद में यह मैच भरतपुर की टीम ने एक विकेट खो कर 9 विकेट से जीत लिया और राजस्थान के फाइनल में प्रवेश किया मैच का मैन ऑफ दा मैच आशीष प्रजापत को घोषित किया गया आशीष ने पूरे मैच में 8 विकेट अपने नाम किये व 28 रन भी बनाए थे भरतपुर की टीम अब फाइनल में अजमेर और धौलपुर की विजेता टीम से खेलेगी फाइनल मैच तीन दिवसीय 14,15 और 16 सितंबर को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम पर पर होगा सचिव ने यह भी बताया कि भरतपुर की टीम किसी भी राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लगातार दूसरे फाइनल में पहुँची है ये भरतपुर क्रिकेट के इतिहास में पहली उपलब्धि है। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह सचिव शत्रुघन तिवारी, अमित शर्मा, विकास यादव, देवेंद्र सिंह कालू अमरदीप कुमार, अकरम ख़ान खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए टीम साथ में जयपुर में मौजूद थे इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया एवं अजय कुमार कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी, मनोज कुमार शर्मा, वीनू सिंह, अवदेश खटाना एवं वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया तथा संघ के चयनकर्ता नरेश खत्री,सूरज शर्मा लंकेश सियाराम ,प्रेम सिंह, पंकज गोयल आदि ने संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बांटी और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए आगे के मैचों की जीत की बधाई दी।

**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली ( राज. )**

क्रमांकः-न.प.हि./1772 दिनांकः 10.09.2024

**लोक सूचना**

| क्र.सं. | नाम | पता |
| --- | --- | --- |
| 1. | आसमान पुत्र प्रकाश, कंचन पुत्र गणेशदास, कन्हैयालाल पुत्र प्रकाश, किशन पुत्र गिरवर सिंह, किस्तूरी पत्नी रामखिलाडी, चतुर्भुज पुत्र गणेशदास, छगन लाल पुत्र गणेशदास, छोटी पुत्री रामखिलाडी, तुलसी पुत्री गिरवर, तुलसी देवी पुत्री रामखिलाडी, दिपा पुत्री गिरवर, नन्दराम पुत्र वल्देव, नीतू पुत्री रामखिलाडी, प्रीता पुत्री गिरवर सिंह, पिंकी पुत्री प्रकाश, महेश पुत्र रामखिलाडी मिन्टो पुत्री पून्याराम, मोहन लाल पुत्र गणेशदास, रज्जो पुत्री पून्याराम, रूपबाई पुत्री गणेशदास, राधा पुत्री रामखिलाडी, श्रीमति पुत्री रामखिलाडी, संतोष पुत्री गिरवर, सुशीला पत्नी प्रकाश, सोनदेई पुत्री पून्याराम | हिण्डौन सिटी जिला-करौली (राज.) |

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

| क्र.सं. | जिला एवं तहसील | ग्राम/कस्बा का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल ( है./ऐयर ) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन सिटी | 1403 | 0.60 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 10.09.2024 को जारी की गई।

आयुक्त नगर परिषद, हिण्डौन

